# 5. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी

## I उन्मुखीकरण प्रश्नोत्तर :

**प्र.1. आवाज का पर्याय क्या है?**

उ. आवाज का पर्याय ध्वनि, स्वर, बोल है।

**प्र.2. किसी प्राणी की अनोखी विशेषता बताइए।**

उ. किसी प्राणी की अनोखी विशेषता रूप - रंग, उनकी भाषा है।

**प्र.3. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए।**

उ. पशु - पक्षियों की भाषा।

**उद्देश्य :**

छात्रों को पत्र-लेखन की विविध शैलियों का ज्ञान कराना, उनके लेखन सृजन के विकास के साथ-साथ उन्हे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी का महत्व बताना है।

**विधा विशेष:**

पत्र गद्य की प्रमुख विधा है। पत्र विधा पाठ में प्रेषक अपने विषय से जुड़ा पत्र पाठक (पत्र पाने वाला) के नाम लिखता है। इसमें एक मित्र अपने दूसरे मित्र को हिंदी सीखने तथा उससे होने वाले लाभों के बारे में बता रहा है।

## II मौखिक प्रश्नोत्तर :

**प्र.1. भारत देश को स्वतंत्र कराने में हिंदी भाषा का क्या योगदान रहा होगा?**

उ. भारत देश को स्वतंत्र कराने में हिन्दी भाषा का महत्वपूर्ण योगदान था। स्वतंत्रता की लड़ाई में देश के लोगो को एकता के सूत्र में बाँधने का काम हिंदी ने किया / क्योंकि संपूर्ण भारत में अधिकतर जनता इस भाषा को जानती थी सभी महान नेताओ ने देश को जागृत करने के लिए इसी भाषा को संपर्क भाषा के रूप में अपनाया था।

**प्र.2. हिन्दी भाषा की क्या विशेषता है?**

उ. विश्व की सभी भाषाओं में हिन्दी की अपनी एक अलग विशेषता है। हिन्दी की लिपि देवनागरी है जो वैज्ञानिक लिपि मानी जाती है। इसमें जैसा कहा जाता वैसा लिखा और पढ़ा जाता है। यह भाषा हमारे संस्कृति सभ्यता से जुडी हुई है। इस भाषा का साहित्य भी विपुल है। भारत को एकता के सूत्र में बाँधने का कार्य हिन्दी करती है।

**प्र.3. हिन्दी भाषा सीखने के क्या लाभ है?**

उ. जिनकी मातृभाषा हिन्दी नहीं है उन्हे हिन्दी सीखने से अनेक लाभ है। जैसे हिन्दी सीखने से उन्हे भारत के सभी प्राँतो की जानकारी मिल जाती है। इस से हमे भारत के सभी लोगो के साथ संपर्क करने में आसनी हो जाती है। मिडिया, फिल्म, उद्योगआदि के क्षेत्र में हिन्दी की उपयोगिता बढ़ रही है जिससे हमे रोजगार मिलने के अवसर प्राप्त हो सकते है। हिन्दी का साहित्य पढ़कर आनंद उठा सकते है।

## III. अर्थग्राह्यता प्रतिक्रिया :

**अ. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**प्र.1. ''हिंदी विश्वभाषा है।'' इस कथन के बारे में अपने विचार व्यक्त कीजिए।**

उ. 'हिन्दी विश्वभाषा।' यह कथन शतप्रतिशत सत्य है। आज हिन्दी न केवल भारत तक सीमित है बल्कि विश्व के अनेक देशों में इसका प्रचार और प्रसार हो रहा है। विश्व में चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच के बाद सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा हिन्दी ही है। विश्व के अनेक विश्वविद्यालयों में हिन्दी का अध्ययन चल रहा है, म्यांमार, सूरीनाम, टुबेगो, द.आफ्रीका, कुवैत इंग्लैण्ड, जर्मनी, जापान, मॉरिशस आस्ट्रेलिया आदि देशो मे हिन्दी की माँग बढ़ रही है। सारा विश्व हिन्दो का महत्व जान रहा है। हर वर्ष 10 जनवरीं को विश्व हिन्दी दिवस मना रहे है।

**प्र.2. भारत में अनेकता में एकता का प्रतीक हिंदी है। कैसे?**

उ. भारत देश में अनेक जाति, धर्म के लोग रहते है। इनकी भाषा भी अलग-अलग है। इस विभिन्नता को दूर करके उनमें एकता की भावने जगाते वाली भाषा हिंदी ही है। हिंदी संपूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में बाँधे रखती है। हिन्दी प्रदेश या अहिन्दी प्रदेशोंके लोग रुचि से हिन्दी सीखते है। इसलिए हम कह सकते है कि भारत में अनेकता में एकता का प्रतीक हिन्दी है।

**आ. पाठ के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर हाँ या नहीं में दीजिए :**

(टेक्स्ट बुक में ही करवाना है)

**इ. नीचे दिये गये वाक्य पाठ के आधार पर उचित क्रम में लिखिए :**

(टेक्स्ट बुक में ही करवाना है)

**ई. नीचे दिया गया विज्ञापन पढ़िए। प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(बच्चो से कक्षा में करवाना है)

## IV. अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता :

**अ. इन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में लिखिए।**

**प्र.1. सांस्कृतिक दृष्टि से हिन्दी का क्या महत्व है?**

उ.

किसी भी देश के आचार-विचार, रहन-सहन वेशभूषा, खान-पान आदि उस देश की संस्कृति प्रकट करती है। इन में भाषा का महत्व पूर्ण स्थान है। हिन्दी भारत की राष्ट्रभषा होने से वह हमारी सभ्यता और संस्कृति की गरिमा को बढ़ाती है। संस्कृतिके विकास में इसने अपनी मह त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसका साहित्य भी भारतीय संस्कृति को उजागर करता है।

**प्र.2. हिन्दी देश को जोडने वाली कडी है। इसे अपने शब्दों में सिद्ध कीजिए।**

उ.

भारत बहुभाषिक देश है। यहाँ विभिन्न प्राँतों में भिन्न-विभिन्न भाषा बोलने वाले लोग रहते है। भारत के सभी प्राँतो से जुडने के लिए एक भाषा की आवश्यकता है जिसे सारे भारतवासी जानते है। ऐंसी भाषा हिन्दी है। क्योंकि भारत के उत्तर से दक्षिणतक और पूर्व से पश्चिम तक सभी इस भाषा को जानत और बोलते है। इसलिए हम कह सकते है कि हिन्दी देश को जोडने वाली कडी है।

**आ. राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से हिन्दी महत्वपूर्ण भाषा है। इस पर अपने विचार व्यक्त कीजिए :**

उ.

राष्ट्रभाषा समस्त देश की जनता की भाषा होती है। देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, साहिति यक, सभ्यता आदि के विकास में राष्ट्रभाषा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह संपूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में बाँध कर रखती है। हिन्दी भाषा में यह सभी गुण है। वह भी भारत के लोगों का जोडने का कार्य करती है। स्वतंत्रता संग्राम के समय यह प्रत्येक भारतीय की भाषा बनगई थी। आज वर्तमान समय में भी प्रत्येक भारतीय त्रिभाषा सूत्र की शिक्षा नीति के कारण हिन्दी भाषा से परिचित है और इस भाषा के माध्यम से विचारों का आदान प्रदान अच्छी तरह कर सकते हैं।

हिन्दी में अनेक भाषाओं के शब्दों का समावेश हुआ है। यह सरल भाषा हैं। इस प्रकार राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से यह भारत वासियों के लिए एकता की कडी बन चुकी है।

**इ. 'हिंदी भाषा' पर एक छोटा सा निबंध लिखिए।**

(बच्चों को गृहकार्य के रूप में करना है)

**ई. मनोरंजन की दुनिया में हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालिए।**

उ. वर्तमान में हिन्दी का प्रचार और प्रसार बढ़ रहा है। हिंदी प्रत्येक क्षेत्र में विकसित हो रही है। मनोरंजन की दुनिया में हिन्दी का महत्व बढ़ रहा है। हिन्दी की फिल्मे, हिन्दी के गीत, संगीत व साहित्य की भारत में नहीं बल्कि विश्व में इसकी माँग बढ़रही है। अनुवाद और डबिंग के माध्यम से हिन्दी साहित्य व संगीत का मनोरंजन संसार के कोने-कोने में पहुँच रहा है। टेलिविजन पर भी हिन्दी दर्शकों की संख्या बढ़रही है।

## V. भाषा की बात :

### अ. कोष्ठक में दी गयी सूचना पढ़िए और उसके अनुसार कीजिए।

**1.** भाषा, समाधान, संकल्प (एक-एक शब्द का वाक्य प्रयोग कर पर्याय शब्द लिखिए)

1. भाषा - वाणी, बोली

   **वाक्य** : भाषा मनुष्य जीवन का आधार है।

2. समाधान - हल, निदान

   **वाक्य** : अध्यापक ने समस्या का समाधान किया।

3. संकल्प - निश्चय, प्रण

   **वाक्य** : मैने मेहनत करने का संकल्प लिया।

**2. एकता, स्वदेश, प्राचीन (एक-एक शब्द का विलोम लिखिए उसका वाक्य प्रयोग करे)**

1. एकता - अनेकता

   **वाक्य** : भारत में अनेकता में एकता के दर्शन होते है।

2. स्वदेश - विदेश

   **वाक्य** : हमें अपने स्वदेश से प्रेम है।

3. प्राचीन - नवीन (आधुनिक)

   **वाक्य** : संस्कृत प्राचीन भाषा है।

**3. परीक्षा, संस्था, दिशा (एक-एक शब्द का वचन बदलिए और वाक्य प्रयोग कीजिए)**

1. परीक्षा - परीक्षाएँ

   **वाक्य** : मेरी वार्षिक परीक्षाएँ समाप्त हुई।

2. संस्था - संस्थाएँ

**वाक्य** : भारत में अनेक समाज सेवी संस्थाएँ है।

3. दिशा - दिशाएँ

**वाक्य** : सूर्य से सारी दिशाएँ प्रकाशित होती है।

**आ. सूचना पढ़िए और उसके अनुसार कीजिए।**

1. सकुशल, अनुक्रम, अनुचित (उपसर्ग पहचानिए)

1. सकुशल - स
2. अनुक्रम - अनु
3. अनुचित - अन्

2. वार्षिक, खुशी, भारतीय (प्रत्यय पहचानिए)

1. वार्षिक - इक
2. खुशी - ई
3. भारतीय - ईय

3. देश को एकता के सूत्र में बाँधने केलिए एक भाषा की आवश्यकता हुई। (कारक पहचानिए)

उ. को - कर्म कारक

के - संबंध कारक

में - अधिकरण कारक

के लिए - सम्प्रदान कारक

की - संबंध कारक

## इ. सूचना पढ़िए और उसके अनुसार कीजिए।

1. सलाह, सरकार, संविधान, संस्कृति, समाधान (लिंग की पहचान कीजिए)

उ. 1. सलाह - स्त्रीलिंग

2. सरकार - स्त्रीलिंग

3. संविधान - पुल्लिंग

4. संस्कृति - स्त्रीलिंग

5. समाधान - पुल्लिंग

2. **जो विश्व के सभी देशों से जुडा हो। (एक शब्द में लिखिए।)**

उ. वैश्विक, अंतर्राष्ट्रीय

3. **अद्‌वितीय (अनेक शब्दों में लिखिए)**

उ. जिसके समान कोई दूसरा न हो।

## ई. नीचे दिये गये वाक्य रचना की दृष्टि से समझिए।

1. मुझे पूरा विश्वास है कि तुम हिंदी से अपना भविष्य बनाओंगे।

उ. मिश्र वाक्य

2. जो जानकारी दी गयी है उसे समझिए।

उ. मिश्र वाक्य

3. तुमने पूछा कि हिंदी का क्या महत्व है?

उ. मिश्र वाक्य